Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to complete the irrigation project sanctioned in Bundelkhand by the Uttar Pradesh Government.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं बुंदेलखण्ड से आता हूँ, जहां पर कुछ दिन पहले प्रधान मंत्री जी आए थे और उन्होंने हमें विशेष रूप से पानी की बहुत बड़ी सौगात दी थी और इस साल हमारे यहां पर पानी भी अच्छा बरसा है, लेकिन वहां पर एक टेरोली तहसील है, जो बामौर, चिरगांव, गुरसराय और मऊरानीपुर से जुड़ी हुई है। यहां पर तीन चार जगहें ऐसी हैं, जैसे भसनेह, कारी और दमना, जहां पर साढ़े तीन हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा जमीन असिंचित रह गई है। यहां पर नाबार्ड द्वारा वर्ष 2018 में 250 करोड़ रुपये की एक परियोजना बनाई गई थी। वह योजना तब से अभी तक लंबित पड़ी हुई है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ, यूपी सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि 250 करोड़ रुपये की परियोजना बाकी रह गई है और अगर यह परियोजना दे दी जाए तो उस पूरे 3000 हेक्टेयर में स्प्रिंक्लर के माध्यम से हम अच्छी खेती कर पाएंगे।